# लोहारू के युवक की दोबड़ा गांव में हत्या, शव नहीं लेने पर अड़े परिजन

## पुलिस व एफएसएल की टीम बुलाई, डॉग स्क्वायड भी पहुंचा


घटना के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर जांच की।

■ ग्रामीण दो भाइयों के बीच आपसी विवाद को भी इस हत्या को जोड़कर देख रहे हैं

**सूरजगढ़,** (निसं)। थाना इलाके के दोबड़ा गांव एक खेत में लोहारू निवासी एक 18 साल के युवक की हत्या कर दी गई। सुबह जब शव मिला तो इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान लोहारू के वार्ड नंबर दो निवासी सतीश उर्फ तलीश नायक के रूप में हुई। इस मामले में मृतक के भाई सचिन ने सूरजगढ़ थाने में दोबड़ा निवासी मोनू, उसके भाई नवीन उर्फ टिल्लू, नवीन व मोनू के पिता दलीप के अलावा लोहारू निवासी कार्तिक उर्फ सुंडा के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है, लेकिन फिलहाल सभी फरार है।

मृतक सतीश उर्फ तलीश के भाई सचिन ने बताया कि गुरूवार शाम को पांच बजे के करीब दोबड़ा निवासी मोनू उनके घर आया और उसके भाई मृतक सतीश के साथ-साथ सतीश के दोस्त कार्तिक उर्फ सुंडा को बाइक पर बैठाकर ले गया। शाम को उसके पास हिमांशु नाम के युवक से सूचना मिली कि मृतक सतीश उर्फ तलीश पीपली के पास खेतों में पड़ा हुआ है। जिस पर सचिन ने अपने भाई सतीश उर्फ तलीश के फोन पर किया तो वह स्वीच आफ था। इसके बाद किसी से दोबड़ा निवासी मोनू के मोबाइल पर कॉल किया तो उसने फोन रिसिव किया। सचिन ने अपने भाई से बात करवाने के लिए कहा तो मोनू ने कहा कि वह सो रहा है। इसके बाद फोन बंद कर लिया। सचिन बार-बार मोनू के मोबाइल पर कॉल लगाने की कोशिश करता रहा। थोड़ी देर बाद फिर से कॉल लगा तो मोनू ने अपनी आवाज बदलकर मृतक सतीश उर्फ तलीश बनकर सचिन से बातचीत की, लेकिन सचिन ने बातचीत में पकड़ लिया। इसके बाद जब मोनू को सतीश उर्फ तलीश से बात करवाने के लिए कहा तो फोन स्विच आफ कर दिया। सचिन को शक हुआ। उसने पुलिस को सूचना दी। पहले तो आकर पीपली के पास पड़ौस के इलाकों में सर्च किया, लेकिन उसका भाई दिखाई नहीं दिया। इसके बाद जब मोनू के फोन की लोकेशन ट्रेस की तो वह दोबड़ा के पास आई। जहां पर पुलिस पहुंची तो सतीश उर्फ तलीश मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। पास में एक सफेद रंग की बाइक और एक कुल्हाड़ी पड़ी हुई थी। सचिन ने बताया कि पहले उसके भाई को मारा गया। इसके बाद गाड़ी चढ़ाई गई, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया है, लेकिन इधर, परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े हुए है। साथ ही शव ना लेने की बात कह दी है।

ग्रामीणों की मानें तो सतीश उर्फ तलीश दोबडा निवासी मोनू के साथ दोबड़ा आया था। लेकिन मोनू की भी अपने घरवालों से नहीं बनती। आरोपी मोनू ने एक-डेढ़ साल पहले हरियाणा के चरखी दादरी के पास एक की गांव की रहने वाली लड़की से लव मैरिज की थी। जबकि मोनू का बड़ा भाई नवीन उर्फ टिल्लू अविवाहित है। मोनू और नवीन की नहीं बनती थी। शादी करने के बाद से डंपर को लेकर और जमीन को लेकर दोनों के बीच मनमुटाव है। केस मुकदमे भी चल रहे थे। मोनू के पिता दलीप ने भी उसे संपत्ति आदि से बेदखल कर रखा है। जिसके कारण मोनू भी लोहारू में ही रहता है और डंपर चलाता है।

मृतक सतीश उर्फ तलीश का शव दोबड़ा के जिस खेत में मिला है। उसके पास ही करीब 50 से 100 मीटर दूरी पर ही मोनू के परिवार का खेत है। जिसमें उसके पिता दलीप और भाई नवीन उर्फ टिल्लू ने मकान बना रखे है। नवीन उर्फ टिल्लू भी पिकअप चलाकर अपना जीवन यापन करता है। दोनों के बीच विवाद चल रहा हैं।

मर्डर की सूचना पर ना केवल सूरजगढ़ पुलिस बल्कि झुंझुनूं से एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंची, जिसने मौके से साक्ष्य लिए। वहीं डॉग स्कवायड को भी बुलाया गया। पुलिस आरोपियों की तलाश में लगी हुई है। आरोपियों के गिरफ्तार होने के बाद पूरे मामले का खुलासा हो पाएगा। फिलहाल तो ग्रामीण इसे दो भाइयों के बीच आपसी विवाद को भी इस हत्या को जोड़कर देख रहे है।

# चार दिन पहले दुर्लभ बीमारी के साथ जन्म लेने वाले जुड़वा बच्चों की मौत

■ इनमें एक लड़की और लड़का था, इनकी स्किन प्लास्टिक जैसी थी, नाखून की तरह हार्ड होकर चमड़ी फटी हुई थी

■ ये बच्चे ''हार्लेक्विन-टाइप इचिथोसिस'' नाम की दुर्लभ बीमारी से पीड़ित थे, 5 लाख में से एक बच्चे में यह आनुवांशिक बीमारी पाई जाती है

**बीकानेर,** (निसं)। यहां चार दिन पहले दुर्लभ बीमारी के साथ जन्म लेने वाले जुड़वा बच्चों की मौत हो गई। इनमें एक लड़की और लड़का था। इनकी स्किन प्लास्टिक जैसी थी। नाखून की तरह हार्ड होकर चमड़ी फटी हुई थी। ये बच्चे हार्लेक्विन-टाइप इचिथोसिस नाम की दुर्लभ बीमारी से पीडित थे।

डॉक्टर्स का दावा था कि हार्लेक्विन-टाइप इचिथोसिस बीमारी के साथ पैदा हुए सिंगल बच्चे पहले भी ट्रीटमेंट के लिए आ चुके हैं। लेकिन, जुड़वा बच्चों का यह देश में संभवतः पहला मामला था। यह बीमारी रेयर डिजीज में आने वाले रोगों में है। 5 लाख में से एक बच्चे में यह आनुवांशिक बीमारी पाई जाती है। डॉक्टरों के अनुसार, जरूरी नहीं कि यह रोग माता-पिता को हो चुका हो। क्रोमोसोम संक्रमित होने से माता-पिता से यह रोग बच्चों में आता है। यानी माता-पिता इसके वाहक तो हैं, लेकिन कौनसी पीढ़ी से यह रोग चला आ रहा है, यह मेडिकल हिस्ट्री के जरिए ही पता लगाया जा सकता है।

हार्लेक्विन-टाइप इचिथोसिस से पीड़ित जुड़वा बच्चों का जन्म 3 नवंबर को बीकानेर के नोखा के प्राइवेट अस्पताल में हुआ था। इनकी स्किन नाखून के हल्के गुलाबी रंग की तरह थी, जो एकदम कठोर थी। इनके बीच की दरारें गहरी थीं, जो अंदर तक फटी हुई थी। जन्म के बाद गंभीर हालत होने के कारण पांच नवंबर को उन्हें बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में रेफर किया गया था। दोनों बच्चों की जान बचाने के लिए हॉस्पिटल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जीएस तंवर, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. कविता और चर्म रोग विभाग के डॉक्टरों की टीम लगी थी। पीबीएम अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर जीएस तंवर ने बताया कि परिजन गंभीर हालत में बच्चों को लेकर 5 नवंबर को यहां आए थे। इसके बाद से उनका इलाज अस्पताल के एनआईसीयू में किया जा रहा था। हार्लेक्विन-टाइप इचिथोसिस आनुवांशिक बीमारी है, जो 5 लाख बच्चों में से किसी एक को होती है। जुड़वा बच्चों का देश में यह संभवतः पहला मामला था। इनका जीवन सरल नहीं होता। पहले साल तक बच्चों की त्वचा लाल रहती है, जोड़ों में सिकुड़न और उनके अंग विकसित होने में देरी होती है। जन्म के समय बच्चों की स्किन से खून का रिसाव भी होता है। शिशु रोग विशेषज्ञ जीएस तंवर ने बताया कि दोनों की स्थिति सामान्य नहीं थी। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज का डर्मेटोलॉजी डिपार्टमेंट भी इन बच्चों के इलाज में सहयोग कर रहा था। इन्हें एक प्लेट में रखा गया था, जहां इन्हें तरल पदार्थ देकर जीवित रखने की कोशिश की जा रही थी।

डॉक्टर जीएस तंवर के अनुसार, हार्लेक्विन-टाइप इचिथोसिस बीमारी ऑटोसोमल रिसेसिव जीन के जरिए बच्चे तक पहुंचती है। लोग इस बीमारी के बिना भी इसके वाहक हो सकते हैं। उदाहरण के लिए, अगर किसी के माता-पिता में से किसी एक को यह जीन विरासत में मिला है, तो उनमें से कोई एक या दोनों ही इस बीमारी का वाहक होंगे। यानी माता-पिता को चाहे उनके बचपन में हार्लेक्विन-टाइप इचिथोसिस नहीं रहा हो, लेकिन आने वाले बच्चे में यह डिजीज हो सकती है। यानी यह कहा नहीं जा सकता कि यह विकार जीन में कौनसी पीढ़ी से आया है। इसलिए इसके केस बेहद कम होते हैं। इस मामले में भी ऐसा ही है। इन बच्चों के मां-बाप को ये बीमारी नहीं है, लेकिन इनमें से कोई एक या दोनों ही इसके वाहक हैं।

डॉ. जीएस तंवर ने बताया कि दोनों बच्चों की स्किन को नमी देने के लिए विटामिन-ए की थेरेपी सहित पाइप से दूध फीडिंग दे रहे थे। यह हमारे लिए बहुत चुनौतीपूर्ण काम था। मेडिकल हिस्ट्री, लिटरेचर और रिसर्च बताती हैं कि इस बीमारी में हंड्रेड परसेंट मॉर्टेलिटी रेट (मृत्यु-दर) है। इसके बावजूद बच्चों की जान बचाने के लिए हर संभव उपाय किए गए थे। अधिकांश शिशु एक सप्ताह से अधिक जीवित नहीं रहते। जो जीवित रहते हैं वे हाईटेक हेल्थ केयर से 10 महीने से लेकर 25 साल तक जीवित रह सकते हैं। डॉ. तंवर ने बताया कि इस मां का पहले भी गर्भ में पल रहा शिशु दम तोड़ चुका था। डॉक्टर्स का मानना है कि यह भी संभव है कि आने वाले समय में होने वाला बच्चा भी इसी बीमारी से पीड़ित हो।

## युवक को नशीले कैप्सूल सहित पकड़ा

**हनुमानगढ़,** (निसं)। जिले की सदर थाना पुलिस ने प्रतिबंधित नशीले प्रेगाबलिन कैप्सूल सहित एक युवक को डिटेन किया है। उसे आगामी कार्रवाई के लिए पुलिस ने औषधि नियंत्रण अधिकारी को सुपुर्द कर दिया।

इसके तहत शुक्रवार को सदर पुलिस थाने के हेड कॉन्स्टेबल अवतार सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने 400 प्रतिबंधित नशीले प्रेगाबलिन कैप्सूल बरामद कर ओमप्रकाश (24) पुत्र मनीराम निवासी वार्ड पांच, घमूड़वाली को डिटेन किया। उसे कार्रवाई के बाद औषधि नियंत्रण अधिकारी के सुपुर्द किया। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में हेड कॉन्स्टेबल अवतार सिंह, कॉन्स्टेबल गुरमीत सिंह, सुभाष चन्द्र व गुरतेज सिंह शामिल रहे।

# झुंझुनूं उप चुनावों में स्टार प्रचारकों ने दूरी बनाई

■ वंशवाद, मुस्लिमों की नाराजगी व स्टार प्रचारकों की दूरी कांग्रेस के लिए भारी पड़ सकती है

**झुंझुनूं,** (निसं)। झुंझुनूं विधानसभा उप चुनाव का परिणाम तो 23 नवंबर को पता चलेगा, लेकिन आबो हवा से कांग्रेस परेशान है। इस चुनाव में कांग्रेस चौतरफा घिरने के कारण संकट में है तो वहीं भाजपा को अपनी जीत दिखाई दे रही है।

कांग्रेस की टिकट घोषणा के बाद से लगातार संकट के बादल छाए हुए हैं। कांग्रेस ने जब अमित ओला की टिकट की घोषणा की तो ना केवल कांग्रेस में, बल्कि विधानसभा में वंशवाद का नारा गूंज गया। ओला परिवार की तीसरी पीढ़ी को भी कांग्रेस का टिकट मिलना कांग्रेसियों को ही नहीं पच रहा है। इसके बाद कांग्रेस का सबसे बड़ा कोर वोटर मुस्लिम समाज नाराज हो गया और उन्होंने कांग्रेस के खिलाफ वोट देने का ऐलान कर दिया। इसी ऐलान को पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने दबोच लिया और उनका फोकस सिर्फ और सिर्फ मुस्लिम और दलित वोटों पर है। जो भी भाजपा से ज्यादा कांग्रेस के लिए परेशानी बन गए हैं। वहीं राजनैतिक गलियारों में झुंझुनूं उप चुनावों में स्टार प्रचारकों की दूरी को लेकर भी तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। उप चुनावों के प्रचार में सांसद बृजेंद्र ओला के करीबी पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट अब तक दिखाई नहीं दिए हैं। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का भी अभी तक कोई कार्यक्रम तय नहीं हुआ है। कांग्रेस के परेशानियों की बाढ़ सी आई हुई है। चुनाव प्रचार के दौरान मदरसा बोर्ड के चेयरमैन कांग्रेस नेता एमडी चोपदार को भाजपा का चेयरमैन बताना, जिला मुख्यालय की मोरारका कॉलेज को प्राइवेट कॉलेज की तरह मानते हुए बयान देना भी कांग्रेस प्रत्याशी अमित ओला पर निशाना साधने के लिए विरोधियों को मुद्दा मिल गया। इधर, ना केवल भाजपा ने डेमेज कंट्रोल किया है। बल्कि बिना बगावत के पूरी पार्टी चुनाव मैदान में हैं, जिसका सीधा सीधा फायदा भाजपा के पक्ष में आबोहवा को मिल रहा है।

भाजपा में बगावत का ऐलान करने वाले बबलू चौधरी तथा डॉ. कमलचंद सैनी भी भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र भांबू के पक्ष में जमकर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। तो वहीं दो मंत्री अविनाश गहलोत व सुमित गोदारा ने भी झुंझुनूं में डेरा डाल लिया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी शनिवार को दूसरी बार भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र भांबू के समर्थन में सभा को संबोधित करने वाले हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि पूरी सरकार झुंझुनूं सीट को जिताने के लिए लगी हुई है।

सांसद बृजेंद्र ओला और मदरसा बोर्ड चेयरमैन एमडी चोपदार की अदावत किसी से छुपी हुई नहीं है। मुस्लिम समाज की तरफ से कांग्रेस की टिकट के सबसे बड़े दावेदार एमडी चोपदार ही थे। लेकिन कांग्रेस ने उन्हें टिकट नहीं दी, जिससे मुस्लिम समाज में नाराजगी है। इसके बाद कांग्रेस प्रत्याशी अमित ओला का बयान, जिसमें उन्होंने कहा कि एमडी चोपदार मुस्लिम समाज का ठेकेदार है क्या। इस बयान ने मुस्लिम समाज के जले पर नमक डालने जैसा काम किया है। यह नाराजगी दूर करने में ना तो कांग्रेस सफल हो पाई है और ना ही ओला परिवार। हालांकि उप चुनावों में एमडी चोपदार कांग्रेस की खिलाफत नहीं कर रहे। लेकिन वे प्रचार में भी कहीं दिख नहीं रहे।


**कार्यालय उप वन संरक्षक (वन्यजीव) राष्ट्रीय चम्बल घड़ियाल अभ्यारण्य, धौलपुर**
महिला पुलिस थाने के पास, हाउसिंग बोर्ड, पुरानी छावनी धौलपुर पिन कोड 328001 Email: ID-defwighariyalswm@gmail.com
क्रमांक-एफ ()/उवसं/वजीधौ./राचघअ./2024-25/2835 दिनांक-30.10.2024
**Notice Inviting Bid**
Bid for providing Construction of Stone masonary boundary wall 500 Mtr. Hight 1.82 Mtr. at Block madanpur of NAKA Inndora Wildlife Saramthura District-Dholpur are invited from interested bidders upto 12PM 11.11.2024, other particulars of bid may be visited on the procurement portal http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in of the state. The approximate value of the procurement is 20.00 lakhs. (नाहर सिंह सिनसिनवार)

**कार्यालय उप वन संरक्षक (वन्यजीव) राष्ट्रीय चम्बल घड़ियाल अभ्यारण्य, धौलपुर**
महिला पुलिस थाने के पास, हाउसिंग बोर्ड, पुरानी छावनी धौलपुर पिन कोड 328001 Email: ID-defwighariyalswm@gmail.com
क्रमांक-एफ ()/उवसं/वजीधौ./राचघअ./2024-25/2834 दिनांक-30.10.2024
**Notice Inviting Bid**
Bid for providing Construction of Stone masonary boundary wall 500 Mtr. Hight 1.82 Mtr. at NAKA Kesharbhag Wildlife Vanvihar District-Dholpur are invited from interested bidders upto 12PM 11.11.2024, other particulars of bid may be visited on the procurement portal http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in of the state. The approximate value of the procurement is 20.00 lakhs.
UBN NO. FOR2425WSOB01508
(नाहर सिंह सिनसिनवार)
उप वन संरक्षक (वन्यजीव)
राष्ट्रीय चम्बल धडियाल अभ्यारण्य धौलपुर
DIPR/C/10996/2024

**कार्यालय उप वन संरक्षक (वन्यजीव) राष्ट्रीय चम्बल घड़ियाल अभ्यारण्य, धौलपुर**
महिला पुलिस थाने के पास, हाउसिंग बोर्ड, पुरानी छावनी धौलपुर पिन कोड 328001 Email: ID-defwighariyalswm@gmail.com
क्रमांक-एफ ()/उवसं/वजीधौ./राचघअ./2024-25/2829 दिनांक-30.10.2024
**Notice Inviting Bid**
Bid for providing Construction of Tiger Cell at WildLIfe Dholpur District-Dholpur are invited from interested bidders upto 12PM 11.11.2024, other particulars of bid may be visited on the procurement portal http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in of the state. The approximate value of the procurement is 15.00 lakhs.
UBN NO. FOR2425WSOB01503
(नाहर सिंह सिनसिनवार)
उप वन संरक्षक (वन्यजीव)
राष्ट्रीय चम्बल धडियाल अभ्यारण्य धौलपुर
DIPR/C/10991/2024

**कार्यालय उप वन संरक्षक (वन्यजीव) राष्ट्रीय चम्बल घड़ियाल अभ्यारण्य, धौलपुर**
महिला पुलिस थाने के पास, हाउसिंग बोर्ड, पुरानी छावनी धौलपुर पिन कोड 328001 Email: ID-defwighariyalswm@gmail.com
क्रमांक-एफ ()/उवसं/वजीधौ./राचघअ./2024-25/2828 दिनांक-30.10.2024
**Notice Inviting Bid**
Bid for providing Construction of Studio apartment at Village Rikshara ke pas of naka jhiri of Sararnthura District-Dholpur are invited from interested bidders upto 12PM 11.11.2024, other particulars of bid may be visited on the procurement portal http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in of the state. The approximate value of the procurement is 20.00 lakhs.
UBN NO. FOR2425WSOB01502
(नाहर सिंह सिनसिनवार)
उप वन संरक्षक (वन्यजीव)
राष्ट्रीय चम्बल धडियाल अभ्यारण्य धौलपुर
DIPR/C/10990/2024

**कार्यालय उप वन संरक्षक (वन्यजीव) राष्ट्रीय चम्बल घड़ियाल अभ्यारण्य, धौलपुर**
महिला पुलिस थाने के पास, हाउसिंग बोर्ड, पुरानी छावनी धौलपुर पिन कोड 328001 Email: ID-defwighariyalswm@gmail.com
क्रमांक-एफ ()/उवसं/वजीधौ./राचघअ./2024-25/2827 दिनांक-30.10.2024
**Notice Inviting Bid**
Bid for providing Construction of Studio apartment of NAKA Kesharbhag of Wildlife Vanvihar Dholpur are invited from interested bidders upto 12PM 11.11.2024, other particulars of bid may be visited on the procurement portal http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in of the state. The approximate value of the procurement is 20.00 lakhs.
UBN NO. FOR2425WSOB01501
(नाहर सिंह सिनसिनवार)
उप वन संरक्षक (वन्यजीव)
राष्ट्रीय चम्बल धडियाल अभ्यारण्य धौलपुर
DIPR/C/10989/2024

**उदयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान**
No. :- F-2(01)Acct/Contract/2024-25/159 - 161 Date : 06/11/2024
**ई-निविदा सूचना संख्या : 44/2024-25**
उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो मय डिफेक्ट लाईबिलिटी अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| | |
|---|---|
| निविदा कार्यो की कुल लागत | : रूपये 450.31 लाख (10 कार्य) |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/ अपलोड करने की अवधि | : 07.11.2024 को प्रातः 10.00 बजे से 18.11.2024 को सांयः 6.00 बजे तक |
| Online EMD, Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी | : 07.11.2024 को प्रातः 10.00 बजे से 18.11.2024 को सांयः 6.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी | : 19.11.2024 को प्रातः 11.00 बजे |

विस्तृत विवरण वेबसाईट urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur, www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
UBN No. : ITU2425WSOB00349 To ITU2425WSOB00358
अधिशाषी अभियन्ता - तृतीय
उदयपुर विकास प्राधिकरण
राज.संवाद/सी/24/7515


## देवनानी ने ऑस्ट्रेलिया संसद का अवलोकन किया


वासुदेव देवनानी ने ऑस्ट्रेलियन पार्लियामेंट में विपक्षी दल के प्रमुख सांसद एवं पूर्व मंत्री अलेक्स हॉक से शिष्टाचार भेंट की।

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया के कैनबेरा में स्थित ऑस्ट्रेलियन पार्लियामेंट में विपक्षी दल के प्रमुख सांसद एव पूर्व मंत्री अलेक्स हॉक से शिष्टाचार भेंट की। देवनानी और हॉक ने भारत और ऑस्ट्रेलिया की संसदीय प्रणाली के विकास में संसदीय पद्धति व प्रक्रियाओं की भूमिका, लोकतांत्रिक प्रणाली सहित शिक्षा, पर्यटन सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की सम्भावनाओं पर विचार-विमर्श किया।

देवनानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में शिक्षा और रोज़गार के अवसरों में उत्तरोतर प्रगति हो रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल समिट-2024 का आयोजन किया जा रहा है। इस समिट से राजस्थान में निवेश के साथ-साथ राज्य में समावेशी विकास, सांस्कृतिक विरासत सहित विकास के विभिन्न स्तम्भों को बढ़ावा मिलेगा। देवनानी ने ऑस्ट्रेलिया में हॉक और अन्य सांसदगण से दोनों देशों में उद्योगों को विस्तार देने में वर्तमान चुनौतियों और भविष्य के अवसरों की सम्भावनाओं पर चर्चा की। देवनानी ने वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुसार दोनों राष्ट्रों में साझेदारी, अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने वाले कदमों को भी तलाशा। देवनानी ने वहां के सदन, विभिन्न दीर्घाओं और संसदीय प्रणाली की बारिकियों को समझा और देखा।

## भांबू के समर्थन में सुलताना में मुख्यमंत्री की सभा आज

**झुंझुनूं,** (निसं)।झुंझुनूं विधानसभा उप चुनाव को लेकर प्रचार चरम पर है। झुंझुनूं विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में लगातार स्टार प्रचारकों के दौर जारी हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को झुंझुनूं के दौरे पर आएंगे।

वे झुंझुनूं विधानसभा के सुलताना कस्बे में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। उनके साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ भी मौजूद रहेंगे। सुलताना कस्बे में चिड़ावा रोड स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में मुख्यमंत्री की चुनावी सभा को लेकर तैयारी की जा रही है। प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने सभा स्थल पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सभा स्थल पर भाजपा कार्यकर्ताओं को व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने नूर बाग मैदान में बनाए गए हेलीपैड का जायजा लिया। प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ शनिवार सुबह 11 बजे सुलताना कस्बे में भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र भाम्बू के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। सुलताना मंडल में प्रभारी लगाए गए विधायक विक्रम जाखल ने सुलताना कस्बे में मुख्यमंत्री की सभा को लेकर ग्रामीण और व्यापारियों को पीले चावल देते हुए सभा के लिए आमंत्रित किया।


**जयपुर विकास प्राधिकरण**
**ई-नीलामी**
नवंबर-2024 (II), एवं दिसम्बर-2024 (I)
397
आवासीय, व्यावसायिक, मिश्रित भू-उपयोग, दुकान, रेस्टोरेंट/ कैफेटेरिया, रिसोर्ट, फ्यूल फिलिंग स्टेशन एवं कृषि गोदाम भूखण्ड

**116 | आवासीय भूखण्ड**
39 आनंद विहार योजना, जयपुर
27 दीनदयाल नगर योजना, जयपुर
02 हरित विहार योजना, जयपुर
08 कल्पना नगर योजना, जयपुर
03 जस्टिस दौलतमल भंडारी नगर, योजना, जयपुर (रेरा पंजी. नं. RAJ/P/2022/1849)
04 लोहा मण्डी माचेड़ा फेज-प्रथम जयपुर
02 महल योजना डी-ब्लॉक, जयपुर
01 महल विस्तार योजना, जयपुर
02 निलय कुंज फेज-द्वितीय, जयपुर
01 निलय कुंज योजना, जयपुर
02 पत्रकार कॉलोनी, जयपुर
18 राजारामपुरा योजना, जयपुर
01 रजत विहार योजना, जयपुर
03 संकल्प नगर योजना, जयपुर
01 शौर्य नगर योजना, जयपुर
01 यदुराज कैम्पस योजना, जयपुर (रेरा पंजी. नं. RAJ/P/2024/2960)
01 ग्राम-हरगुन की नांगल ऊर्फ चारणवाला तह. सांगानेर योजना, जयपुर

**71 | व्यावसायिक भूखण्ड**
06 हरित विहार योजना, जयपुर
01 जस्टिस दौलतमल भंडारी नगर, योजना, जयपुर (रेरा पंजी. नं. RAJ/P/2022/1849)
01 लक्कड़ पत्थर मंडी, जयपुर (केवल कोल उपयोग)
35 लोहा मण्डी, माचेड़ा फेज-प्रथम, जयपुर
04 लोहा मण्डी (ब्लॉक-सी) योजना, जयपुर
01 न्यू आतिश मार्केट योजना, जयपुर
14 शौर्य नगर योजना, जयपुर
05 ट्रांसपोर्ट नगर, सीकर रोड़, जयपुर
03 वेस्ट वे हाईट्स योजना, जयपुर
01 न्यू आतिश मार्केट विस्तार ख. नं. 66, 73 एवं 74 ग्राम सुखालपुरा, जयपुर (रेरा पंजी. नं. RAJ/P/2018/847)

**03 | निर्मित दुकान**
03 अण्डरपास (एस.एम.एस. अस्पताल से ट्रोमा सेन्टर) जयपुर

**02 | रेस्टोरेंट/ कैफेटेरिया/ रिसोर्ट**
02 निलय कुंज फेज-द्वितीय, जयपुर

**183 | मिश्रित भू-उपयोग भूखण्ड**
23 रिंग रोड प्रोजेक्ट ग्राम- अभयपुरा, जयपुर
19 रिंग रोड प्रोजेक्ट ग्राम- अचरावाला, जयपुर
02 रिंग रोड प्रोजेक्ट ग्राम- गोनेर, जयपुर
01 रिंग रोड प्रोजेक्ट ग्राम- कानडवास, जयपुर
02 रिंग रोड प्रोजेक्ट ग्राम- खोरी रोपाड़ा, जयपुर
09 रिंग रोड प्रोजेक्ट ग्राम- अजयराजपुरा, जयपुर
10 रिंग रोड प्रोजेक्ट ग्राम- खटवाड़ा, जयपुर
32 रिंग रोड प्रोजेक्ट ग्राम- मुहाना, जयपुर
13 रिंग रोड प्रोजेक्ट ग्राम- पीपला, जयपुर
03 रिंग रोड प्रोजेक्ट ग्राम- शिवदासपुरा, जयपुर
14 रिंग रोड प्रोजेक्ट ग्राम- श्यामपुरा बुहारिया, जयपुर
01 रिंग रोड प्रोजेक्ट ग्राम- बदनपुरा, जयपुर
03 रिंग रोड प्रोजेक्ट ग्राम- खेड़ी गोकुलपुरा, जयपुर
01 रिंग रोड प्रोजेक्ट ग्राम- चिमनपुरा, जयपुर
01 रिंग रोड प्रोजेक्ट ग्राम- मनोरियावाला, जयपुर
01 रिंग रोड प्रोजेक्ट ग्राम- महापुरा, जयपुर
06 रिंग रोड प्रोजेक्ट ग्राम- सिरोली, जयपुर
01 रिंग रोड प्रोजेक्ट ग्राम- रातल्या, जयपुर
01 रिंग रोड प्रोजेक्ट ग्राम- जयपुर योजना, जयपुर
04 रिंग रोड प्रोजेक्ट ग्राम- सीतारामपुरा, जयपुर
10 रिंग रोड प्रोजेक्ट ग्राम- खटवाड़ा, योजना जयपुर
10 रिंग रोड प्रोजेक्ट ग्राम- जयसिंहपुरा बुहारिया, जयपुर
16 रिंग रोड प्रोजेक्ट ग्राम- सीतारामपुरा योजना, जयपुर

**04 | ग्रुप हाउसिंग भूखण्ड**
02 हरित विहार योजना जयपुर
02 ग्रुप हाउसिंग योजना ग्राम- गोनेर, जयपुर

**14 | फार्म हाउस / गोदाम भूखण्ड**
06 फार्म हाउस गोविन्दपुरा रोपाड़ा योजना, जयपुर
08 गोदाम (टाइप-बी एवं ओ) ट्रांसपोर्ट नगर, सीकर रोड, जयपुर

**04 | दुकान/ यार्ड भूखण्ड**
02 ऑटो मोबाइल दुकान (टाइप-बी) ट्रांसपोर्ट नगर, सीकर रोड, जयपुर
02 सर्विस यार्ड (टाइप- बी) ट्रांसपोर्ट नगर, सीकर रोड, जयपुर

भूखण्डों की अधिक जानकारी के लिए कॉल करें +91 9462 569 696
नीलामी की नियम व शर्तों के लिए जयपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाईट https://jda.rajasthan.gov.in देखें।
रेरा वेबसाईट http://rera.rajasthan.gov.in
इंदिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर- 302004
Raj.Samwad/C/24/7551